हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

11 कम्प्यूटर, मोबाइल के ज्यादा उपयोग से बच्चों में बढ़ रहा नेत्र दोष


12 देवांगन पुराण में एक जोड़ा परिणय सूत्र में बंधा




अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी से पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पिलोनाइडल साइनस, वैरिकोस का इलाज इसराइल से आयातित, नियो वी लेजर मशीन
कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टाका नहीं, पट्टी नहीं
त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित
पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है
LASER ← से किये जाने वाले ऑपरेशन
PILES FISSURE FISTULA
एडवांस लेजर पाइल्स ओ पी डी, प्रतिदिन प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद, सिटी हॉस्पिटल धमतरी कर्मा हॉस्पिटल अभनपुर
सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल
प्रदीप हॉस्पिटल
कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
नार्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन के लिए स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड चल रहा है, साथ ही सभी प्रकार की आकस्मिक बिमारियों का ईलाज स्मार्ट कार्ड से होगा।
उपलब्ध सुविधाएं
स्त्री रोग - नार्मल डिलीवरी, सीजेरियन डिलीवरी, बच्चादानी की सर्जरी, स्त्रियों की नसबंदी स्मार्टकार्ड से. जनरल सर्जरी - बवासीर, भगंदर, फिशर, हार्निया, हाइड्रोसील, गालब्लैडर, स्तन के गांठ, स्तन कैंसर. अस्थि रोग - हड्डियां एवं जोड़ों की चोट व फ्रेक्चर, कंधे, घुटने, कमर में दर्द हड्डियों से मवाद आना और टूटी हड्डियों को जोड़ना. मूत्र रोग - किडनी, यूरेटर, पेशाब की नली के पत्थर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना और पेशाब का रुकना, पेशाब नली की पैदाइसी विकृतियां. दन्त रोग - स्मार्टकार्ड से नि:शुल्क दांतो का ईलाज. जनरल मेडिसीन - ब्लडप्रेशर, शुगर, थायरायड, टाइफाइड, मलेरिया, पीलिया. शिशु सर्जरी - नवजात शिशुओं की पैदाइसी विकृतियां, मलद्वार का न बना हुआ होना, छोटे बच्चों की सर्जरी. 3D/4D - सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, लैब डिजिटल कॉल्पोस्कोपी, यूरोफ्लोमेट्री की आर्म, नि:शुल्क एम्बुलेंस, कार्बनडाई ऑक्साइड लेजर
डॉ. प्रीति साहू M.B.B.S., स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रदीप साहू M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Surgeon)

## खबर संक्षेप

### मगरलोड में मड़ई आज

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड में नगरवासियों के सहयोग से 29 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुल्हारदो मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी यादराम गायकवाड़ उपाध्यक्ष महाव्यापारी संघ व बीरेन्द्र साहू, तिलक साहू ने दी है।

### नानी कल्याण विद्यालय में सांस्कृतिक संध्या आज

**जीजामगांव।** नानी कल्याण विद्यालय सरबदा में 29 जनवरी सोमवार को दोपहर 3 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कांति अनिल सोनवानी अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगी। विशेष अतिथि चैतन्यगिरी गोस्वामी सरपंच होंगे।

### जोरातराई अं में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 30 से

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में केकतीबाई साहू, रामस्वरूप साहू, पूर्णिमा साहू, डॉ. योगेश साहू द्वारा 30 जनवरी से 6 फ़रवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक सर्वेश्वरानन्द सरस्वती महाराज चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश होंगे।

### करगा में 30 को मड़ई मोखा का नाचा होगा

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करगा में 30 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए झन भुलो मां बाप ला नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी हेमन्त साहू एवं दिनेश साहू ने दी है।

### जीजामगांव में मड़ई मेला 5 को

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 5 फरवरी सोमवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### मुल्ले में रामायण प्रतियोगिता 9 से

**जीजामगांव।** मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुल्ले में तीन दिवसीय रामायण प्रतियोगिता 9 से 11 फरवरी तक आयोजित की गई है। आयोजन की तैयारी में मानस प्रचार समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### चर्रा में मानसगान स्पर्धा आयोजित

**कुरुद।** समीपस्थ ग्राम चर्रा में 27 जनवरी से मानसगान प्रतियोगिता आयोजित है। तृतीय दिवस पैरी लहर मानस मंडली दुधवारा (मगरलोड), श्रीराम रंग मानस मंडली खल्लारी (महासमुन्द्र), झलकत मोंगरा मानस परिवार चारभाठा (नारी), शारदा रानी महिला मानस परिवार सोरिद (महासमुन्द्र), तुलसी मानस परिवार संवाभाठा (रायपुर), शील सिंन्धु राघव मानस मण्डली परसाही (दुर्ग), तुलसी के संदेश महिला मानस मंडली बोरेन्दा (पाटन) स्वरांजलि मानस परिवार सुभाकला की प्रस्तुति होगी।

न्यायालयीन आदेश के बाद वन प्रबंधन समिति ने वसूली बंद की

# नाका तो है लेकिन पार्किंग शुल्क लेने वाले नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल पर्यटन में पार्किंग शुल्क की वसूली पर ब्रेक लग गया है। न्यायालय के आदेश की अवमानना पर डीएफओ पर 10 हजार रूपये का जुर्माना ठोका गया है। अब गंगरेल आने-जाने के रास्ते पर दो नाका तो दिख रहा है पर पार्किंग शुल्क लेने वाले नदारद हैं।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल पर्यटन में सिंचाई विभाग ने नवम्बर 2022 को पार्किंग ठेका ओपन टेंडर बुलाया था। 8 लोगों ने इस टेंडर में भाग लिया था। टेंडर में अधिकतम दर 45 हजार रूपये मासिक पर गंगरेल निवासी सविता महेश को ठेका मिला। सिंचाई विभाग ने 24 नवम्बर को ठेकेदार को पार्किंग शुल्क लेने का आदेश जारी किया। 12 दिसम्बर को तात्कालिक डीएफओ ने पार्किंग ठेका पर आब्जेक्शन किया। आब्जेक्शन पर तत्कालीन प्रभारी कलेक्टर ने ठेका निरस्त कर दिया। 13 जनवरी 2023 को ठेकेदार ने पार्किंग शुल्क की वसूली बंद कर दी। 16 जनवरी को वन विभाग के निर्देश पर वन प्रबंध समिति मरादेव गंगरेल समिति ने वाहनों से पार्किंग शुल्क की वसूली शुरू कर दी।

इस मामले को लेकर ठेकेदार ने हाईकोर्ट में अपील की। ठेकेदार का कहना है कि पार्किंग ठेका लेने के दौरान उसने सिंचाई विभाग में 1.50 लाख रूपये डिपाजिट किया है। नियमानुसार ठेका होने के बाद वन विभाग की आपत्ति एवं पार्किंग शुल्क लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। 19 जनवरी को हाईकोर्ट ने पार्किंग शुल्क लेने पर स्टे लगाया। बावजूद वन विभाग की शह पर वन प्रबंधन समिति द्वारा लगातार पार्किंग शुल्क की वसूली की गई। एक साल के बाद 25 जनवरी को पार्किंग शुल्क की वसूली बंद हुई।



### 10 हजार का जुर्माना

पार्किंग ठेकेदार सविता महेश ने बताया कि कोर्ट द्वारा पार्किंग शुल्क वसूली में स्टे लगने के बाद भी 1 साल तक दोपहिया, चार पहिया, बस आदि वाहनों से अवैध वसूली की गई है। कोर्ट कंटेम के बाद 3 फरवरी को डीएफओ ने सिंचाई विभाग को वनभूमि वापस करने का मांग पत्र लिखा। कोर्ट की अवमानना के मामले में डीएफओ को दस हजार रूपये का जुर्माना ठोका गया है। ठेकेदार का कहना है कि एक साल बाद 25 जनवरी से पार्किंग शुल्क वसूली पर लगाम लग गई है।

### अंगारमोती ट्रस्ट ने शुल्क का किया था विरोध

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल ने पार्किंग शुल्क वसूली का अक्सर विरोध किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई का कहना है कि हजारों दर्शनार्थी रविवार तथा शुक्रवार को माता दर्शन के लिए पहुंचते हैं। देवी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को पार्किंग शुल्क के लिए बेवजह जेब ढीली करनी पड़ती है। उन्होंने देवी दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों से पार्किंग शुल्क नहीं लेने की मांग की है।

# अंतर्राज्यीय ट्रकों के शहर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की उठी मांग

- वाहन की क्षमता 10 से 12 टन और माल की भर्ती 25 टन तक हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में बहुतायत मात्रा में रेत खदान होने की वजह से दूसरे प्रदेश के बड़े ट्रक, हाइवा शहर के बीचों बीच से होकर रेत खदान पहुंचते हैं, जहां क्षमता से अधिक माल भरकर सड़क पर बेधड़क दौड़ रहे हैं। इन ट्रकों की क्षमता 12 से 14 टन की होती है लेकिन 25 से 30 टन माल भरकर सड़क में दौड़ लगाते हैं। जिले में रोजाना करीब एक हजार से पन्द्रह सौ ट्रकें रेत के लिए पहुंचते हैं। अमूमन 10 चक्कों के इन ट्रकों और हाइवा में 10 से 12 टन माल लेकर परिवहन किया जा सकता है लेकिन इन ट्रकों में 22 से 25 टन तक रेत होती है। इससे जिले की सड़कें समय से पहले ही खराब हो रही हैं। इसके अलावा सरपट भागने के चक्कर में आये दिन गंभीर दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। लोगों ने इन बड़े ट्रकों को शहर में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

शहर के नागरिक सिहावा रोड निवासी मुकेश पांडे, नितिन पांडे, कमलेश खापर्डे, प्रवीण सहारे आदि का कहना है कि दूसरे प्रदेश से रेत भरने आने वाले बड़े-बड़े ट्रकों का शहर में प्रवेश निषिद्ध करना चाहिए। इनकी रफ्तार से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। आबादी क्षेत्रों में भी इनकी रफ्तार कम नहीं होती। ट्रकें क्षमता से अधिक ओव्हरलोड रहते हैं जिसकी वजह से एकाएक ब्रेक भी नहीं लगता। ओव्हरलोड वाहनों की वजह से सड़क 3 से 4 माह में खराब हो रही है। शहर में प्रवेश करने वाले रास्ते पर पाबंदी बोर्ड है। इसके बाद भी दिनभर हैवी ट्रकों की आवाजाही होती है। शहर के रायपुर रोड, सिहावा रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड में इसकी आवाजाही होने से नागरिकों की जान खतरे में है। भारी वाहनों से आटो, दोपहिया, मैजिक, कार, स्कूल बसों के साथ हादसे का डर रहता है।

आरटीओ अधिकारी ए. मुजाहिद ने बताया कि विभाग द्वारा ओव्हरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। हैवी ट्रक में अधिकतम 10 से 2 टन लोडिंग होनी चाहिए। इससे अधिक पर टीम चालानी कार्रवाई कर समझाइश देती है। इसके अलावा हाईस्पीड ट्रकों पर कार्रवाई होती है।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय का वार्षिक जलवायु महोत्सव आज से

**धमतरी।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक जलवायु महोत्सव फॉरेस्ट्स ऑफ़ लाइफ यानी जंगलों का महोत्सव का आयोजन 29 जनवरी से 4 फरवरी तक अजीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के धमतरी स्थित जिला संस्थान में होगा। इस महोत्सव को आर्ट इंस्टालेशन, युवाओं द्वारा खींची गई जंगल की तस्वीरों, संगीत, फिल्मों, कलाकृतियों, इंटरैक्टिव कार्यशालाओं के अलावा कई अन्य माध्यमों से जीवंत बनाया गया है। प्रवेश निःशुल्क है। कार्यक्रम में 4 दिन बस्तर के आदिवासी कलाकार करसाड़ मांदरी और गेड़ी नाच का प्रदर्शन करेंगे वहीं आखिरी तीन दिन उत्सर्ग शास्वत यूथ थिएटर ग्रुप द्वारा पर्यावरण पर नाटक का मंचन किया जायेगा।

# विकास कार्यों की प्रगति देखने उपायुक्त ने किया वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आयुक्त विनय कुमार एवं उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा हर वार्ड में विकास कार्यों एवं सफाई कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को उपायुक्त पीसी सार्वा ने गोकुलपुर, महात्मा गांधी, रामपुर वार्ड का निरीक्षण किया। नगर निगम के हर वार्ड में विकास कार्य चल रहा है। इसमें नाले, नालियों, सामुदायिक भवन समेत अन्य निर्माण कार्य जारी है।



सुबह निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रामपुर वार्ड में निर्मित सामुदायिक भवन व कॉम्प्लेक्स परिसर का निरीक्षण कर वर्क ऑर्डर की तिथि से लेकर होने वाले कार्यों की जानकारी ली साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्माण कार्य को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने का निर्देश देते हुए क्यूरिंग सही तरीके से करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रगति जगताप, उपअभियंता लोमश देवांगन, मनीष साहू, वेदप्रकाश साहू, वार्ड सुपरवाइजर प्रभारी धनेश सिन्हा, अतीश मिश्रा उपस्थित थे।

# बच्चों से भरी स्कूली वैन खेत में जाकर पलटी

- हादसे में 6 बच्चे घायल, एक की हालत गंभीर
- ग्राम बुड़ेनी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम बुड़ेनी के पास बच्चों से भरी एक स्कूली वैन (टाटा मैजिक) पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सभी बच्चों को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। हादसे में 6 बच्चे घायल हुए है, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना करेली चौकी क्षेत्र की है।



जानकारी के अनुसार नवापारा के श्रीराम जानकी स्कूल में 26 जनवरी को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्कूली वैन बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इस दौरान ग्राम बुड़ेनी के पास वैन की स्टेयरिंग फेल हो गई और वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। घटना के बाद बच्चों की चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में सभी बच्चों को नवापारा सरकार अस्पताल लाया गया, जहां एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। उसके बाद बच्चों को निजी अस्पताल ले जाया गया।

इस घटना में 6 से अधिक बच्चों को चोट आई है, जिसमें एक की हालत ज्यादा गंभीर है। बच्चों ने बताया कि वैन में 15-17 बच्चे सवार थे। चालक द्वारा वैन को तेज गति से चलाया जा रहा था। एक बच्चे के पालक ने बताया कि वे पूर्व में भी अन्य पालकों के साथ वाहन चालक को चेतावनी दे चुके हैं। बावजूद चालक की लापरवाही कम नहीं हुई। इधर बच्चों के इलाज का सारा खर्च पालकों के परिजन ही उठा रहे थे। इस संबंध में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल सोनकर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गाड़ी की व्यवस्था निजी रूप से की जा रही है। इसमें स्कूल प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

स्कूल समिति ने कहा कि यदि कोई परिजन आर्थिक सहायता की मांग करता है, तो स्कूल प्रशासन पूरी मदद करेगा। वाहन मालिक लोकनाथ सोनकर ने कहा कि बच्चों के इलाज में जो भी खर्च होता है, उसे पालकों के साथ बात करके पूरी तरह से मदद करेंगे।

ज्ञात हो कि घटना को लेकर स्कूल प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन को वैन में सवार बच्चों की संख्या और चालक के संबंध में सही जानकारी नहीं थी। वहीं घटना को लेकर पालकों में आक्रोश देखा गया है।

करेला, कटहल 80 रुपए तो बरबटी, भिंडी, ग्वारफल्ली 60 पर किलो बिका

# हरी सब्जियों के दाम में आया उछाल, उपभोक्ताओं में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आम आदमी पर महंगाई की मार लगातार पड़ रही है। बाजार में हरी सब्जियों के दाम अचानक बढ़ने से उपभोक्ताओं को निराश होना पड़ा। सब्जियों के बढ़ते दाम ने खाने का स्वाद बिगाड़ दिया है। बदलते मौसम में सेहत के लिए हरी सब्जी खाने की चाह रखने वालों को जेब ढीली करनी पड़ रही है। बाजार में ऐसी कोई भी सब्जी नहीं है जिसके दाम 30 से 40 रूपये से कम हो। अब गृहिणियों को सब्जी खरीदते समय अपने बजट का पूरा ध्यान रखना पड़ रहा है। पिछले सप्ताह के मुकाबले सब्जियों के भाव में 40 से 50 प्रतिशत तक उछाल आया है। हरी सब्जियों की भारी आवक के बाद भी मनपसंद सब्जियां आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि रेट बढ़ने से ग्राहकी कमजोर है खरीदारी नहीं होने से उन्हें नुकसान झेलना पड़ रहा है।



शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई लेकिन हरी सब्जियों के रेट अधिक होने से उन्हें मायूस होना पड़ा। सब्जी विक्रेता अनिल पटेल, चेतन सोनकर, विश्वनाथ सोनकर आदि ने बताया कि रविवार को अदरक 120 रूपये तो मुनगा 100 रूपये किलो बिका। करेला, कोचई, कटहल 80 रूपये किलो रहा। बिंस, बरबटी, भिंडी, ग्वारफल्ली, शिमला मिर्च, परवल 60 रूपये किलो बिका। हरी मिर्च 50 रूपये किलो तो गाजर, कुंदरू, डोड़का, तोराई, सेमी, मटर 40 रूपये किलो रहा। भटा, गोभी, पत्तागोभी, हरा धनिया, मेथी भाजी 30 रूपये किलो बिका। कुम्हड़ा, टमाटर, केला, मूली 20 रूपये तो लौकी, गांठगोभी 10 रूपये किलो रहा। सब्जी खरीदने बाजार आई गृहिणियां प्रेमीन मारकंडे, रवीना बंजारे, लता साहू, रश्मि साहू ने कहा कि मौसम की पसंदीदा सब्जियों के भाव एकाएक बढ़ गए हैं। इससे उन्हें खरीदने में परेशानी हुई है। बजट से बाहर होने की वजह से कम रेट वाली सब्जियां ही खरीदी।

### आलू 15, प्याज 25 रुपए किलो

हरी सब्जियों की तुलना में सूखी सब्जियां आलू, प्याज लोगों की पहुंच के अंदर हैं। रविवार को बाजार और किराना दुकानों में आलू 15 रूपये किलो बिका। इसी तरह प्याज 20 से 25 रूपये किलो रहा। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि इस सप्ताह शक्कर 42, गुड़ 48, खड़ी मिर्च 260, हल्दी 110, धनिया 110, जीरा 400, काली मिर्च 780, तेल रिफाइंड पाउच 105, लहसुन 320, सरसों 70, मेथी 90, राहर दाल बेस्ट 145, मूंगदाल 105, उड़द दाल 1150 मसूर दाल 85, चना देशी 75, काबुली चना 120, मटर 80, चना दाल 80 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 75 रूपये दर्जन रहा।

### महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज



- राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा करेंगी शिरकत

**धमतरी।** राजीव भवन में 29 जनवरी को महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की महिला कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर सूर्यप्रभा चेट्टियार एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण घामेश्वरी साहू ने महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसजनों से उपस्थिति की अपील की है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### दरगहन में गणतंत्र दिवस पर रोपे फलदार पौधे

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम दरगहन में गणतंत्र दिवस पर मां सतबहिनी मंदिर प्रांगण में युवाओं द्वारा फलदार पौधे लगाये गये। जामफल का पौधा टेनसिंग ध्रुव ने दिया। पौधारोपण कार्य में मंदिर समिति के उपाध्यक्ष पूरनसिंह ध्रुव, तामेश्वर पटेल, लिखन ध्रुव, चुनेश्वर यादव, महेश ध्रुव, लव कुश कोटवार का सहयोग रहा। यह जानकारी यादव समाज के संचालक चुनेश्वर यादव ने दी है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग, सायटिका, बवासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
9174466336

चिंवरी सोसाइटी में 15496.80 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य

# टोकन कटाने किसानों का लगा तांता





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

- 89 किसान एक बार भी नहीं बेच पाए धान

चिंवरी सोसाइटी में रविवार 28 जनवरी को धान बेचने के लिए किसानों का टोकन काटा गया। सोसाइटी प्रबंधक के अनुसार खरीदी का लक्ष्य 15496.80 क्विंटल धान की खरीदी बाकी है। शासन ने धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने की मंशा जाहिर नहीं की है। किसानों के धान को 31 जनवरी तक खरीदने का लक्ष्य दिया गया है जिससे सोसाइटियों में अफरा-तफरी मचा हुई है। कलेक्टर के आदेशानुसार लगभग 5245 क्विंटल धान प्रतिदिन खरीदने का लक्ष्य बनाया गया है। 26 जनवरी को 11 बजे सोसाइटी प्रबंधक चंद्रहास साहू एवं पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष बसंत साहू सहित दर्जनों किसानों की बैठकर रखकर बचे हुए किसानों के धान को खरीदने की व्यवस्था बनाई गई। सोसाइटी प्रबंधक चंद्रहास साहू का कहना है कि बचे हुए धान की खरीदी 29 से 31 जनवरी तक की जायेगी।

मौके पर सोसाइटी के प्रशासनिक प्रभारी अवधेश चंद्राकर, उत्तम साहू, विश्राम सिन्हा, गुल्फीराम साहू, सालिकराम साहू, ग्राम पटेला सिर्री, लेखराम सिन्हा, हरीश साहू, धनेश बंजारे, भूपेंद्र साहू, अनुपम, व्यासदेव, खिलावन साहू, पवन साहू, प्रकाश साहू, गज्जू साहू, सत्यम सहित अन्य किसान मौजूद थे।

### आए दिन सर्वर डाउन



किसानों ने कहा कि टोकन काटने के दौरान आए दिन सर्वर डाउन रहता है जिससे 1 किसान को ही दोगुना तीन गुना समय लग जाता है। रविवार 28 जनवरी को किसानों का टोकन काटने की प्रक्रिया की गई। टोकन कटाने किसानों की भीड़ उमड़ गई।

### बारदाने की व्यवस्था की जा रही : डीएमओ

डीएमओ सुनील राजपूत ने बताया कि 3 दिनों में सभी किसानों का धान खरीदने के लिए बारदाना उपलब्ध करवाया जा रहा है। चिंवरी सोसाइटी के लिए बारदाने की व्यवस्था केला राइस मिल कुरूद से की जायेगी।

### चिंवरी सोसाइटी में 1654 किसान पंजीबद्ध

चिंवरी सोसाइटी में कुल 1654 किसान पंजीबद्ध हैं। यहां 942 किसान धान बेचने के लिए बचे हुए हैं जिनमें से चिंवरी सोसाइटी के 89 किसान ऐसे हैं जिन्होंने एक भी बार धान नहीं बेचा है। सोसाइटी में 15496.80 क्विंटल धान की खरीदी सोमवार से बुधवार तक होनी है। इसके लिए 38742 बारदाना चाहिए जबकि सोसाइटी में तो 12539 बारदाने उपलब्ध हैं। उपलब्ध बारदाने से तो लगभग 1 दिन की खरीदी के लिए ही पूर्ति की जा सकेगी।

### धान का स्टाक बफर लिमिट से बाहर

सोसाइटी में बफर लिमिट 9000 क्विंटल की है लेकिन यहां पर बफर लिमिट से बाहर लगभग ढाई गुना अर्थात 24000 क्विंटल धान का स्टाक रखा हुआ है। इस तरह से मालूम पड़ता है कि धान उठाव की स्थिति काफी धीमी है।

### धान तौलाई में आएगी समस्या

29 से 31 जनवरी तक शासन द्वारा बारदाने की बढ़ोतरी कर उपलब्ध कराने से धान तौलाई के लिए कांटा और हमालों, मजदूरों की संख्या बढ़ानी पड़ेगी, तब कहीं जाकर किसानों की धान की तौलाई हो पाएगी नहीं तो इसका खामियाजा किसानों को ही भुगतना पड़ेगा। सोसाइटी में अभी 5 कांटा उपलब्ध हैं।

# स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक : गोस्वामी

- आस्था विद्या मंदिर में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



आस्था विद्या मंदिर तरसींवा रांवा में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। मुख्य अथिति अर्जुनपुरी गोस्वामी सेनि शिक्षक थे। अध्यक्षता श्रीमती दीपेश्वरी साहू सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि खोमन सिन्हा, सीताराम गजेंद्र, प्रेमप्रकाश साहू, श्रीमती तामेश्वरी साहू, संस्था प्रमुख वायपी गोस्वामी थे।

अतिथि उद्बोधन में श्री गोस्वामी ने कहा कि जीवन में जितना अनुशासन की आवश्यकता है, उतना ही स्वस्थ शरीर के लिए खेल की आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विद्या निवास करती है। निरोग एवं खुशहाल जीवन जीने के लिए विद्या के साथ खेल भी आवश्यक है।

श्रीमती दीपेश्वरी साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आवश्यक है। यदि हम विद्या अध्ययन कर रहे हैं और खेल नहीं खेल रहे हैं तो हम आलस रहेंगे जिसका कोई औचित्य नहीं है। खोमन सिन्हा, सीताराम गजेंद्र जी ने भी अपने विचार रखे। संस्था प्रमुख श्री गोस्वामी ने कहा कि खेलकूद को अतिरिक्त या मनोरंजक गतिविधियों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि ये उससे कहीं अधिक हैं। खेलकूद न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि ये एक खिलाड़ी को कई चीजें भी सिखाता है जो उसे जीवन में एक बेहतर इंसान बनने में मदद करता है।

मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं केके नगारची, नूरेन्द्र देवांगन, हिमांचल गोस्वामी, हरिनारायण मानिकपुरी, टोमन साहू, टिकेश्वर साहू, टोकेश्वर साहू, शेषकिरण साहू, डावीन साहू, मधुराम साहू, श्रीमती विजयालक्ष्मी साहू, लक्ष्मी साहू, श्रीमती रितु साहू श्रीमती आनंद्रिका साहू, यशवंत घृतलहरे, अमन पटेल, बीरेंद्र साहू कमल पटेल, संगीता भेंगरा, जोशलिना गुरिया, रेशमा कुजूर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कठौली में लोक गायिका वासनिक का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

अनुराग कला एवं साहित्य संस्थान कठौली द्वारा आयोजित रामोत्सव मानस सम्मेलन में भजन गायिका कविता वासनिक का सम्मान किया गया। कठौली में कविता वासनिक ने भजनों की प्रस्तुति दी। दर्शक भी लोक गीतों की धुन में झूम उठे।

# जोरातराई स्कूल बना परीक्षा सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





- सभापति का प्रयास रंग लाया

हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब परीक्षा दिलाने ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा। जनपद पंचायत कुरूद सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू के प्रयास से हायर सेकेण्डरी स्कूल जोरातराई को वार्षिक परीक्षा हेतु परीक्षा सेंटर घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि पहले संकुल जोरातराई के अंतर्गत आने वाले स्कूलों को हायर सेकेण्डरी स्कूल अंवरी या भखारा जाना पड़ता था जिससे कई बच्चे समय पर नहीं पहुंच पाते। इसे देखते हुए शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष जोरातराई व हाईस्कूल कोलियारी के अध्यक्ष डॉ राजू साहू ने जनपद सभापति को अवगत कराया जिसे सभापति ने प्रयास कर पूर्ण कराया। इस पर प्राचार्य रेणुका बारले, कोलियारी हाईस्कूल प्राचार्य कृष्णकुमार कोसरे, मध्यमिक शाला अध्यक्ष मानक साहू, सरपंच खिलावन पाल, समिति के सदस्य गैंदलाल साहू, रामरतन साहू, कुलेशवर साहू, डोमार साहू, विनय साहू, विकास साहू, रविंद्र सेन, खिलावन यदु, भानुप्रताप साहू, दानीराम सहित स्कूल स्टाफ के सदस्यों ने सभापति का आभार माना।

# देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति प्रस्तुत की





- एल नन्दन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

एल नन्दन पब्लिक स्कूल सिर्री में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू संघ व विशिष्ट अतिथि लोकेश साहू जनपद सदस्य, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा सेवानिवृत्त शिक्षक, देवा साहू डायरेक्टर गैलेक्सी स्कूल, हितेंद्र साहू डायरेटर महाश्वेता स्कूल, योगेंद्र साहू पालक समिति अध्यक्ष, विश्राम सिन्हा, घनश्याम साहू, विनोद साहू, आशीष साहू, अनिल दादर थे। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के अलग- अलग राज्यों की संस्कृति प्रस्तुत की। नाटक और गीतों की भी प्रस्तुति हुई। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, जंक फूड और नशाबंदी पर रोचक नाटक प्रस्तुत किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूली बच्चों की सुंदर प्रस्तुति की ग्रामीणों ने खूब सराहना की। अपनी बेहतर प्रस्तुति से बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। मालकराम साहू, लोकेश साहू जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में इस स्कूल को क्षेत्र का उभरता हुआ मॉडल इंग्लिश स्कूल बताया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर लक्ष्मीकांत साहू, पारस निर्मलकर, प्रधानपाठक मुकेश साहू, शिक्षक तिलक साहू, सागर साहू, सोनू, जानकी साहू, दीक्षा, गोमती, राखी, शशिकला, कीर्तिका, यूनिता, पद्मनी, दीपिका, भामा ध्रुव, चेतन साहू, खिलेश, युगल, केवल सहित स्कूल स्टॉफ का सहयोग रहा।

## जोरातराई (सि) में हुई एक दिवसीय प्रतियोगिता

# जूनियर कबड्डी में भेंडरी की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

बाल क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जोरातराई (सि) में एक दिवसीय जूनियर बालक कबड्डी खेल प्रतियोगिता हुई। भेंडरी की टीम ने मड़ईभाठा की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 25 जनवरी की शाम आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में धमतरी सहित आसपास के जिले से कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की अधिकतम उम्र 19 वर्ष निर्धारित थी। फाइनल मुकाबला मड़ईभाठा व भेंडरी के बीच खेला गया जिसमें भेंडरी की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रथम इनाम



5000 रुपये व खिताब अपने नाम किया। दूसरा इनाम 3000 रुपये मड़ईभाठा को मिला। तीसरा व चौथा इनाम के लिए सौराबांधा से पहुंची ए और बी टीम के बीच मैच खेला गया और दोनों टीमों ने उक्त प्रतियोगिता में क्रमशः 2000 व 1000 का इनाम प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच सविता गंजीर, गीतेश्वरी साहू, यीशु साहू, दयालुराम साहू, जयप्रकाश साहू एवं अन्य अतिथियों ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के झनेंद्र साहू, मोहित साहू, खिलेंद्र कुमार, आशीष गंजीर, शुभम, आकाश, हुलेश, सूरज, एवन, फणीश, नितेश, नरेंद्र, पुष्पसागर, छबिकान्त, कुणाल, भोला का योगदान रहा।

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

# लईका मड़ई में स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छग प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएसन कुरूद एवं मगरलोड द्वारा कुरूद में लईका मड़ई कार्यक्रम का आयोजन इंडोर स्टेडियम कुरूद में किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत चंडी मंदिर से रैली निकालकर की गई। इसके उपरांत सभी निजी स्कूल के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। साथ ही मड़ई की तर्ज पर सभी ने झूलों का आनंद लिया। विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा फूड स्टॉल के तहत व्यंजन का भंडार लगाकर सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा छग का पारंपरिक बारहमासी, करमा, बस्तरिहा, जसगीत के अलावा विभिन्न राज्यों की लोक परम्परा से जुड़े आकर्षक परिधानों से सुसज्जित मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति हुई। वहीं प्रभु श्रीराम जी के आगमन, देशभक्ति, सोशल मीडिया के प्रभाव, बेटी बचाव सहित सामाजिक, धार्मिक, शिक्षाप्रद नृत्य और नाटकों की बेजोड़ प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम के अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, बीआरसीसी कुरूद राजेश पांडेय, नगर पंचायत सभापति मनीष साहू ने निजी स्कूल द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों की तारीफ की और कहा कि निजी स्कूल की टीम द्वारा बच्चों को सामूहिक रूप से मंच प्रदान किया गया। बच्चों की प्रस्तुति बहुत ही शानदार रही। इसी तरह सभी बच्चे खूब मेहनत करते रहे। सफलता आपके द्वार खड़ी है। कार्यक्रम में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। मौके पर ब्लॉक के पदाधिकारी, शिक्षक स्टॉफ और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### गणतंत्र दिवस पर डॉ. भीमराव को किया नमन



**जीजामगांव।** गणतंत्र दिवस पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। संविधान निर्माण से लोगों को क्या मिला, इस बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भीम रेजीमेंट अरुण सोनवानी, उपसरपंच प्रेमचंद सतनामी, समाज अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी, सुशांत साहू, रत्तीलाल कोठरे, योगेश चतुर्वेदी, मोहन कुर्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर अमर शहीदों को किया याद



**पुरी।** गणतंत्र दिवस पर अमर शहीदों को याद किया गया। ध्वजारोहण, प्रभातफेरी के पश्चात छात्रों ने बाल सभा का आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति रही। कार्यक्रम में प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष कुमार सार्वा, व्यवस्थापक गिरधर सार्वा, भीखमलाल सिन्हा, झमेन्द्र सेन, यतनलाल साहू, राममनोहर सिन्हा, कमलवंशी, यतीश श्रीवास्तव समेत अन्य उपस्थित थे।

### साहू समाज भवन मड़ेली में हुआ ध्वजारोहण



**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली के साहू समाज भवन में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारीयों ने गणतंत्र दिवस पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। ग्रामीण अध्यक्ष ठाकुरराम साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ठाकुरराम साहू, उपाध्यक्ष रामगुलाल साहू, ईश्वर सोन, किशन महंत, यशवंत साहू, चंपू साहू, आनंद साहू, मिथिलेश साहू, दुरेन्द साहू, प्रमोद साहू, शेरसिंह हिरवानी, रूक्मणी साहू, मेघनाथ, हुमन सोन, टेमन साहू, तारण साहू, डेमन साहू, गैंदलाल साहू, घनश्याम साहू, परदेशीराम साहू, सुदामा साहू, ताराचंद साहू, कुम्भकरन घिवरिया, दिनेश साहू, भारत साहू, टीकू साहू, शंभूराम साहू, नरोत्तम साहू, नोहर साहू, जागेश्वर धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जीजामगांव स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं ध्वजारोहण





**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में ध्वजारोहण एवं वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम हुआ। ध्वजारोहण प्राचार्य केपी साहू ने किया। छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, कविता तथा देश भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती कंचन कुर्रे, तेजेश्वरी देवांगन, हर्षनी सरपा, नेहा धामगाये, एचके साहू, देवव्रत साहू, कुलेश्वर साहू, आरबी कश्यप, सनत सोनवानी, मनीषा सोनवानी, लिपिक खेमनलाल साहू , ममता टंडन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीराम साहू ने किया।

### करेली बड़ी पंचायत भवन में सरपंच ने किया ध्वजारोहण



**मगरलोड।** शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत करेली बड़ी में राष्ट्रीय उत्सव मनाया गया। सरपंच डोमार सिंह साहू ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान हाई स्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम मनाया गया। स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट कर विभिन्न संस्थाओं में पहुंचकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन गौठान में भी ध्वजारोहण हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 1950 से देश में गणतंत्र की स्थापना हुई है। इसी दिन देश को संविधान की प्राप्ति हुई। मौके पर सचिव दुष्यंत पटेल, उपसरपंच पदुम साहू, यादराम निषाद, मुकेश सिन्हा, दानेश्वर सिन्हा, भागवत सोनकर, नकुल भारती, राजू साहू, बीरचन्द साहू, ओमप्रकाश अहिरवार, मेष कुमार साहू, गणेश राम साहू, पिंकी राव, इंद्रा बाई, मीना साहू, पार्वती, मेनका, पूर्णिमा, ईश्वरी, हेमलता, त्रिवेणी, सत्यभामा, जितेश्वर साहू, भागवत सोनकर, हेमलता सिन्हा, पूनमचंद समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट, लीवर से सम्बंधित लक्षण से परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
25 जनवरी 2024 गुरूवार
डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
27 जनवरी 2024 शनिवार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## कसपुर में पूर्व जनपद सदस्य ने किया ध्वजारोहण



**नगरी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौक कसपुर में 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान अपनाया गया था और भारत गणतंत्र बना था। गणतंत्र दिवस मानने का एक मुख्य लक्ष्य भारतीय संविधान का सम्मान करना और हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देना है। पूर्व जनपद सदस्य रामकुमार ध्रुव ने ध्वजारोहण किया एवं सभी स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीता मरकाम सरपंच, श्रीमती गरिमा नेताम, विष्णु बघेल सचिव, जयचंद नेताम, घनानंद साहू ग्राम सेवक, शिवनाथ मरकाम, राजू सेन, पीताम्बर कुंजाम, तोरण नेताम, दिवस कुमार, भूषण नेताम, निर्मल मरकाम, भावसिंह नेताम, कोमल मरकाम, कमलेश नेताम, चेतन वट्टी, सुरेंद्र नेताम एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## शास्त्री चौक में नरोत्तम ने किया ध्वजारोहण



**मगरलोड।** गणतंत्र दिवस पर ग्राम हसदा नम्बर 1 के शास्त्री चौक में ग्राम पटेल संघ के प्रदेश संरक्षक नरोत्तम यदु ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। वे 22 वर्षों से शास्त्री चौक में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीयता का परिचय दे रहे हैं। साल में दो बार यहां पर ध्वजारोहण किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और अन्य महापुरूष के चित्र में माल्यार्पण कर की गई। उन्होंने बताया कि गांव में स्कूल चौक था, जिसे खुद की मेहनत और आर्थिक खर्च से चौक को सुंदर बनाया गया और शास्त्री चौक का नाम दिया गय तभी से यहां ध्वजारोहण हो रहा है। स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय तिरंगे को नमन किया। मौके पर गोकुल यादव, मदन लाल ध्रुव, खिलेश्वर ग्वाल, शिवशंकर साहू, भूषण ध्रुव, महेंद्र पटेल, कोमल निषाद, मनहरण तिवारी, चैन यादव, दाऊलाल साहू, यशवंत यदु, मंगला पटेल समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सशिमं करेली बड़ी में मनाया गया पर्व



**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। देश भक्तों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्कूल के पालक संयोजक हीरा लाल साहू ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी गई। प्रधानाचार्य नूतन साहू ने गणतंत्र दिवस मनाने के इतिहास को बताया। इस मौके पर पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष महेंद्र साहू, जितेंद्र सोनी, नारायण साहू, महेश साहू, गौतम सिंह साहू, रामदयाल साहू, महेंद्र साहू, सुरेश साहू, विक्रम जामरे, द्विजराम साहू, किसुन यादव, विजय साहू, तुरेन्द्र साहू, डुमेश कुमार, दिनेश्वरी, हिरमिषा, ईश्वरी, भोलेश्वरी सोनवानी उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला के बच्चे बने महापुरुष



**मगरलोड।** शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला गांधी चौक करेली बड़ी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। संस्था प्रमुख श्रीमती रत्ना ग्वाल ने भारतमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पर्व में बच्चे मनमोहक ड्रेस धारण कर महापुरुष बने। गांधी जी, स्वामी विवेकानंद, जवाहर लाल नेहरू, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी बने जो आकर्षक का केंद्र रहे। तत्पश्चात ध्वजारोहण शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू द्वारा किया गया। मौके पर खूबचंद पटेल वरिष्ठ शिक्षक, मुकेश साहू, संतोष साहू, युवनेश्वरी साहू, तिहारिन बाई निर्मलकर, मालती बाई निषाद, रसोइया जगत सिन्हा एवं शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, होमन लाल सिन्हा, नरोत्तम जांगड़े, टोकेश्वरी साहू, भीमेश्वरी निषाद, पिंकी पाटकर समेत गणमान्य नागरिक कोमल निषाद, रामनारायण साहू, कृपाराम साहू, तुलसी पाल, रमेश यादव, गीता बाई ध्रुव, संतोष सारथी, डुमेश्वर पाल मौजूद थे।

## ब्लॉक मुख्यालय में शान से लहराया तिरंगा



**मगरलोड।** ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्यालय में जगह-जगह शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। नगर पंचायत में अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू ने तिरंगा झंडा फहराया। जनपद पंचायत में अध्यक्ष ज्योति दिवाकर ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार प्रेमूलाल साहू, बीईओ कार्यालय में बीईओ मनीष ध्रुव, कृषि विभाग में वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, स्वास्थ्य विभाग में बीएमओ डा शारदा ठाकुर, थाना परिसर में टीआई राजेश जगत, बिजली ऑफिस, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में ब्रांच मैनेजर सीबी साहू, ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक, बीआरसीसी कार्यालय में धीरज कुमार देवांगन, ग्रामीण सोसाइटी, वन डिपो, शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर घनश्याम देवांगन, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भैंसमुंडी, पेंशनर भवन, गैलेक्सी स्कूल, गुरूकुल महाविद्यालय, पशु चिकित्सा कार्यालय, बालक शाला, कन्या शाला, भाजपा कार्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, कान्हा अस्पताल, महिला बाल विकास आदि जगहों में ध्वजारोहण कर बड़ी शान के साथ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्यालय के स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

## आर्य कन्या विद्यालय में वैदिक मंत्रों के साथ फहराया तिरंगा



**धमतरी।** अग्नि देव आर्य कन्या विद्यालय में साथ वैदिक मंत्रों के साथ तिरंगा फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र रोहरा पार्षद सुंदरगंज वार्ड, आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान डॉ. भूपेन्द्र सोनी, प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती कृष्णा सोनी, श्रीमती अन्नपूर्णा नेताम, सुश्री अन्नु ध्रुव, माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा शिंदे, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## देश की एकता को कायम रखने की ली शपथ



**धमतरी।** मेनोनाईट इंग्लिश सी.से.स्कूल धमतरी में 75 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने ध्वजारोहण किया। शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा देश की आन-बान-शान की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस दौरान शाला की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने सबको देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस से प्रेरणा लें कि हम सभी आपसी भेदभाव मिटाकर राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक कार्य में अपना योगदान देंगे और देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखेंगे।

### इलेक्ट्रानिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से सीधे आंख प्रभावित होती हैं : डॉ. खालसा

# कम्प्यूटर, मोबाइल के ज्यादा उपयोग से बच्चों में बढ़ रहा नेत्र दोष

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मोबाइल, लैपटाप, कम्प्यूटर एक उपयोगी उपकरण है लेकिन इसकी लत हर वर्ग के लिए हानिकारक है। सीमित समय में ही इनका उपयोग करने से बीमारियों का शिकार होने से बचा जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक यह लत बच्चों और किशोरों को मानसिक रूप से कमजोर कर नेत्र रोग की समस्या बढ़ा सकती है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जेएस खालसा ने बताया कि कम्प्यूटर, मोबाइल और लेपटाप के ज्यादा इस्तेमाल से आंख सीधे प्रभावित होती है, जिसमें बच्चों को कम उम्र में नजर कम होना, चश्मा लगना या नंबर बढ़ना, आंखों में जलन, सूखापन एवं थकान इत्यादि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन चलाने के दौरान बच्चे अक्सर अपनी पलकें भी नहीं झपकाते जिससे आंख को पूर्ण रूप से आराम नहीं मिल पाता। इसे कम्प्यूटर विजन सिंड्रोम कहते हैं। ऐसे में बच्चे नेत्र रोग का शिकार बन जाते हैं। मोबाइल, लैपटाप की लत प्रायः हर वर्ग के लिए बेहद खतरनाक है। देखा जाए तो माता-पिता ही बच्चों को मोबाइल पकड़ाकर अपने काम में लग जाते हैं जो धीरे-धीरे बच्चों की लत बन जाती है जो नुकसानदेह है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इलेक्ट्रानिक उपकरणों एवं मोबाइल फोन या रेडियेशन शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। कम्प्यूटर, टीवी, रेडियो, एफएम हीटिंग लाइटिंग लैप माइक्रोवेव, ओवन की सिग्नलों से कई तरंगें उत्पन्न होती हैं। इनका इलेक्ट्रो मेग्निेटिक रेडियशन मोबाइल के रेडियेशन और सेल टावर के सिग्नल से ट्रांसमिट करता है जिससे शरीर में इसका दुष्प्रभाव दोगुना हो जाता है।

विदित हो कि अधिकांश स्कूली बच्चों को नेत्र रोग की शिकायत है। बिना चश्मा के चेहरे को पहचानने, पढ़ाई में दिक्कत, धुंधलापन, सिर दर्द तथा कलर कंट्रास्ट में अंतर न कर पाने की शिकायत बढ़ रही है। इसके अलावा आंखों में लालिमा, सूखापन, दबाव, आंखों में बार-बार आंसू आना जैसी परेशानी आ रही है। स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्था द्वारा ऑनलाइन क्लास लगाने के दौरान बच्चे मोबाइल, कम्प्यूटर और लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। पढ़ाई के दौरान अनवरत कई घंटों तक अपलक स्क्रीन निहारने से दृष्टिदोष होना लाजिमी है। उपकरण की सहायता से बच्चे नोट्स तैयार करते हैं जो किसी भी परिस्थितियों में उचित नहीं है।

# सरकारी शराब दुकानों में आधा पानी, आधी दारू

- रायपुर की उड़नदस्ता टीम ने भखारा शराब दुकान में छापा मारा
- जलेबी रंग वाले पानी मिलाने का भांडा फूटा, सात कर्मचारी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरकारी शराब दुकान में जलेबी रंग वाले पानी मिलाने का गोरखधंधा खूब चल रहा है। शराब में मिलावटखोरी का मामला तब सामने आया जब रायपुर संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने भखारा स्थित शराब दुकान में छापेमारी की। मौके पर रंगेहाथ पकड़े गए सभी सात कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर विभागीय जांच शुरु कर दी गई है। खास बात यह है कि शराब में पानी मिलाने का भांडाफोड़ होने के 24 घंटे पहले आबकारी इंस्पेक्टर को हटाया गया था।

शराब के शौकिन जसवंत पटेल, मुकेश साहू ने कहा कि शराब में पानी मिलाने का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है। पहले एक पाव प्लेन शराब पीने के बाद पर्याप्त नशा हो जाता था। अब तो एक पाव मसाला शराब पीने में भी मजा नहीं आता। शराब विक्रय करने वाले कर्मचारी अपने अधिकारियों के शह पर पानी मिलाकर शराब पिला रहे हैं। शासन प्रशासन राजस्व के नाम पर जेब भर रहे हैं। भखारा की शराब दुकान में उड़नदस्ता टीम की छापेमारी के दौरान पांच पेटी मसाला शराब 240 पाव 5 लीटर के जेरीकेन में 3 लीटर जलेबी रंग वाला पानी, 70 नग देशी मसाला शराब के ढक्कन एवं जलेबी रंग का पाउडर मिला। इस मामले में सेल्समेन सहित 7 कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है।

इसमें मुख्य विक्रयकर्ता उत्तम घृतलहरे, सेल्समेन नीलकमल निर्मलकर, धनेश्वर ध्रुव, प्रेमलाल साहू, डिकेश नेताम, चुम्मन टंडन और टिकेश्वर शामिल हैं। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 38 के तहत कार्रवाई की गई है।





### मिलावटखोरी में आबकारी इंस्पेक्टर का रोल संदिग्ध

आबकारी विभाग के अनुसार कुरूद सर्कल में पदस्थ आबकारी इंस्पेक्टर को 24 जनवरी को कलेक्टर के अनुमोदन पर हटाया गया था। उस पर भी अवैध उगाही तथा गोरखधंधों का आरोप था। इंस्पेक्टर पर कार्रवाई के 24 घंटे के बाद उड़नदस्ता की टीम ने भखारा की शराब दुकान में छापा मारा।

### मिलावटखोरी का मामला सामने आया

जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि 25 जनवरी को रायपुर उड़नदस्ता टीम ने भखारा की शराब दुकान में छापामारी की जहां मिलावटखोरी का मामला सामने आया है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम ने कुरूद, बोरसी, मगरलोड क्षेत्र के शराब दुकानों की जांच की, हालांकि वहां सब ठीकठाक मिला।

### मिलावट वाली 5 पेटी शराब जब्त

शासकीय शराब दुकान भखारा में उड़नदस्ता की टीम को 5 पेटी मिलावटी शराब मिली। यह मिलावट देशी मसाला के शराब में की गई थी जिसमें जलेबी रंग वाले पानी को मिलाया गया था। टीम ने मौके पर सभी पेटियों का सेंपल लेकर एल्कोमीटर से जांच की, जिसमें 34.7 यूपी की तेजी मिली। अफसरों के अनुसार मसाला शराब में 25 यूपी/अंडरप्रूफ की तेजी असली होने की पहचान है। 37.5 यूपी मतलब बोतल से आधी शराब निकालकर जलेबी रंग वाला पानी मिलाया जा रहा है।

## युवक ने लगाई फांसी



**धमतरी।** नेहरू स्कूल नयापारा (टिकरापारा) में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह वार्डवासियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की गई। युवक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करता था। घटना रविवार की है। सुबह कुछ लोगों ने नयापारा के आंगनबाड़ी केंद्र में एक युवक को फांसी पर झूलता हुआ देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक नयापारा निवासी उमेश पवार उम्र 37 वर्ष पिता स्व. लालाराम पवार है। युवक ने फांसी किस कारण से लगाई, इसकी पतासाजी की जा रही है।

## मुल्ले एवं मड़ेली में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

- कुरूद के एक व्यक्ति द्वारा शराब कोचियों के पास पहुंचाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री से महिलाएं प्रताड़ित हो रही हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी शराब के आदी होते जा रहे हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। पुलिस चौकी बिरेझर क्षेत्र के ग्राम मुल्ले एवं मड़ेली में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कोचियों द्वारा खुलेआम शराब की बिक्री की जा रही है। इससे गांव सहित आसपास के गांव में माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने आगे कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर पुलिस थाना एवं पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्रामों में अपराध कम करने अनेक प्रकार की रणनीति बनाई जा रही है लेकिन इन ग्रामों में उनकी बैठक का उल्टा असर हो रहा है। कारोबारी खुलेआम शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं जिस पर शिकंजा कसा नहीं जा रहा है। जिस समय आचार संहिता लगी थी, उस समय इन ग्रामों में अवैध शराब का कारोबार पूर्णतः बंद था लेकिन सरकार बनते ही यहां धड़ल्ले से अवैध शराब का कारोबार फिर से चालू हो गया है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि कुरूद का एक व्यक्ति खुलेआम पुलिस चौकी बिरेझर के सामने से कोचियों के घर तक अवैध शराब पहुंचा रहा है। कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने अवैध शराब कोचियों तथा कुरूद के शराब सप्लायर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग जिला पुलिस अधीक्षक से की है।

## सशिमं के पूर्व छात्र सम्मेलन में लोगों ने अपने अनुभव साझा किए

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के जन्म दिवस के पावन अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि यादराम साहू तथा इस कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू ने की। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर विद्यार्थी जीवन से संबंधित अपने अनुभवों को साझा किये। इस अवसर पर पूर्व छात्रा हेमलता साहू वर्तमान में सब इंजीनियर पद पर कार्यरत रहते हुए अपने विद्यालय अनुभवों को साझा किया। अंत में मुख्य अतिथि यादराम साहू ने उद्बोधन तथा आर्शीवचन प्रदान किये एवं विद्यालय के प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# बौद्ध महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी प. क्र.3237 के द्वारा जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व में प्रथम वर्ष राज्य स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 21 जनवरी रविवार को अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला वार्ड धमतरी में रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू, विधायक धमतरी विधानसभा थे। अध्यक्षताः डीके सहारे उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय धमतरी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय देवांगन महापौर नगर पालिक निगम, कमलेश सोनकर विंध्यवासिनी वार्ड पार्षद, अज्जु देशलहरे पार्षद दानीटोला वार्ड, भोजराज गोरखड़े प्रदेश महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़, योगेश रावत युवा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़, योगी रामटेके जी जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला कांकेर, श्रीमती सारिका वैद्य उपपुलिस अधीक्षक महासमुंद, ए आर लोन्हारे, सभापति भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी, आलोक जाधव जिला महामंत्री कांग्रेस उपस्थिति थे। कार्यक्रम प्रारंभ करने से पहले तथागत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर त्रिशरण और पंचशील का पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मंच संचालन राकेश वैद्य द्वारा किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों का समाजजनों द्वारा प्रतीक चिन्ह और साल दे कर सम्मान किया गया। विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बौद्ध समाज बहुत ही प्रगति की ओर अग्रसर है।

बौद्ध समाज के लोग बड़े बड़े पद जैसे कोई कलेक्टर, डीएसपी जैसे पद पर आसीन है। ये सब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की देन है और गौतम बुद्ध ने कठिन तपस्या के बाद छटवी ईस्वी में बौद्ध धर्म की स्थापना किए। गौतम बुद्ध राजपरिवार से थे पर उन्होंने आमजनों के लिए बौद्ध धर्म की स्थापना की। अंत में विधायक अपने मद से बौद्ध समाज की मांग पर तीन लाख देने की घोषणा की। उसके बाद बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाजजनों की 25 वर्षो से मांग थी कि धमतरी जिला में युवक युवती परिचय सम्मेलन नही हुआ और आज यह कार्यक्रम सभी समाजजनों के सहयोग से संपन्न हुआ। जो भी जिले से आए हुए युवक युवती का का रिश्ता तय हो जाए और अपील की है की सभी वर्ग के समाजों को परिचय सम्मेलन आयोजित करना चाहिए इससे फिजूल खर्ची रोक लग सकेगा और गरीब से गरीब वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सके अंत मै सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया उसके बाद कार्यक्रम शुरू किया गया सर्वप्रथम नवनिर्वाचित महिला समिति के समस्त पदाधिकारियों का उनके पद और गोपनीयता का शपथ दिलाया गया उसके बाद युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। परिचय सम्मेलन में लगभग 12 जिले से युवक युवती अपने परिजन के साथ आए थे सभी ने पहले अपना बायोडाटा फॉर्म भरा उसके बाद 85 युवक युक्तियों ने एक एक करने अपना परिचय सभी के सामने प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के लाला राम वैद्य, उमाकांत वैद्य, दिनेश रामटेके, संतोष नंदेश्वर, डॉक्टर देवेंद्र तुर्रे, मुकेश शेंडे, हेमनारायण रामटेके, धन्ना लाल वैद्य, बी आर कुटारे, परमेश्वर खापर्डे, भोला खापर्डे, संजय गजबिए, बलराम गेडाम, अशोक मेश्राम, विजेंद्र रामटेके, वीरेंद्र गजबिए, जितेंद्र रामटेके, महिला समिति के अध्यक्ष वर्षा वैद्य, सुनीता चमन गजबिए, नम्रता कुटारे, ममता गजबिए, सुनीता गजबिए, हिना गजबिए, रोमी गजबिए लक्ष्मी गेडाम, प्रभा, वैद्य, तारा वैद्य, वर्षा नंदेश्वर, संध्या मेश्राम, निर्मला रामटेके और अन्य समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेंद्र कुटारे ने दी है।

## साहू भवन में लहराया तिरंगा



**मगरलोड।** ग्रामीण साहू भवन अरौद में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष तोषण लाल साहू ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सामाजिक उपाध्यक्ष पूरन लाल साहू, सचिव सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र साह, सहसचिव संतोष साहू, उदेराम साहू, शंकर साहू, भूषण साहू, खुमान साहू, पेखन साहू, राकेश साहू, नोहर, बाबूलाल, चंदना बाई साहू, जयंती साहू, हीरा बाई, भुवनेश्वरी, रोहणी, रंजीता, रिद्धि, बसंती, पुष्पा , नंदिनी, आशा, पूनम, कुसुम, डामिन, देवकुमारी, दिनेश्वरी, सतरूपा उपस्थित थे।

## अंजुमन स्कूल में मनी गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ



**धमतरी।** अंजुमन प्राथमिक शाला नवागांव वार्ड में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी अमीन कुरैशी ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि अंजुमन इस्लामिया कमेटी व अंजुमन तालीम कमेटी के अध्यक्ष हाजी नसीम अहमद, मेम्बर हाजी शफीकुद्दीन, सै. नवाब अली, मो. असलम अशरफी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अमीन कुरैशी ने छात्र-छात्राओं को अच्छी पढ़ाई करने, अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रधानपाठक मोहम्मद असलम भाटी, श्रीमती मुमताज बेगम, श्रीमती रोजिना अली, श्रीमती समीदा बानो, आलिया बानो, श्रीमती हिना पटेल, रेखा कश्यप, श्रीमती रशीदा बेगम, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मो. असलम भाटी ने किया।

## बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुगेंरा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। गणतंत्र दिवस समारोह एवं स्नेह सम्मेलन की मुख्य अतिथि सरपंच मीना नेताम थे। अध्यक्षता प्रधान पाठक केएल कौशिक ने की। विशिष्ट अतिथि पंचम सिंह सलाम, फुलसिंह नेताम, सताऊंराम कावडे थे। अतिथियों ने गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर अपने-अपने विचार रखें। समारोह के पूर्व ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। पश्चात गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों ने देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बेहतर कला प्रदर्शन करने वाले बाल कलाकार सम्मानित किए गए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक एसके कश्यप, एके साहू, धनराज नेताम, रमेलाल, अमृत लाल यादव सहित बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई



**धमतरी।** पंडित मोतीलाल नेहरू प्राथमिक शाला क्रमांक 5, सार्थक स्कूल धमतरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 ने नेहरू स्कूल परिसर में संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई। तीनों संस्थाओं के प्रमुख नोमेश कुमार साहू, डॉ. सरिता दोशी एवं श्रीमती पद्मनी साहू ने महात्मा गांधी की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात ध्वज फहराया और सलामी दी। बच्चों के साथ मिलकर राष्ट्रगीत गाए। नेहरू स्कूल के शिक्षक नीरेश कुमार ध्रुव ने बच्चों को गणतंत्र दिवस मनाने के प्रमुख कारणों एवं भारत के संविधान के विषय में जानकारी दी। इस आयोजन में स्नेहा राठौड़, मैथिली गोड़े, गीतांजलि गुप्ता, थामस साहू, पद्मनी साहू, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, सुनैना गोड़े, निर्मला पावरिया, नीतू यादव सम्मिलित हुए।

## कुकरेल तहसील के पटवारी हुए सम्मानित



**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त भूमि संबंधी रिकॉर्ड को करके वितरित करने पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तहसील कुकरेल के पटवारियों को बेस्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। प्रमाण-पत्र का वितरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी, तहसीलदार कुकरेल द्वारा शासन की ओर से दिया गया। पटवारी योगेंद्र श्रीमाली, गोविंद प्रसाद साहू, ऋषि कपूर गंगेले, लक्ष्मी धनेशकर, द्विजराम मरकाम, कुशल कुंजाम, दीपक मरकाम, विरेंद्र कुमार कुंजाम को सम्मान मिला। इस अवसर पर कुकरेल तहसीलदार तारसिंग खरे, राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, परमेश्वर सोनी, विवेकानंद नागवंशी, झंकार शर्मा, ज्योति यादव, सोहन यादव, लीना, अधिवक्ता गिरवर सिन्हा, कोटवार सुरेशदास मानिकपुरी, भुनेश, सुदर्शन, नारायण, चंद्रहास, योगीराज, गुहलेद, परदेशी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## गुरुकुल में मना गणतंत्र दिवस



**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय माध्यमिक शाला दानीटोला में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि अनुजराम ध्रुव पूर्व लोकपाल मनरेगा ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारे हजारों सिपाही ने अपने प्राणों की आहुति दी है जिसकी बदौलत हम आज गणतंत्र दिवस मना रहे हैं।विशेष अतिथि मुरली साहू समाजसेवी, सरदार अंग्रेज सिंह, अजय कुमार त्रिपाढ़ी, राकेश कुमार वैद्य दुर्गाशंकर साहू, विष्णुराम साहू थे। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**नगरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा नगरी की टीम ने श्री बालाजी दिव्यांग आवासीय विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया तथा बच्चों को बिस्किट, सेव, बूंदी, दो चटाई और आलमारी भेंट की।

## अंचल की खबरें

### हटकेशर में मनी दीपावली, कहा राम आ गए



**धमतरी।** श्रीराम जन्मभूमि की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर हटकेशर वार्ड में दीपावली मनाई गई। बाजार चौक स्थित तुलसी चौरा को फूलों से सजाया गया। भगवान श्रीराम का कटआउट लगाकर वार्डवासियों ने पूजा आरती की और खूब पटाखे जलाए। मिठाइयां बांटी गई। वार्डवासी हेमंत भांडे, चैनसिंग साहू, महेंद्र रावटे, राजा श्रीवास, संतराम ठाकुर, चैनसिंग साहू, मुकेश साहू, मोहन यादव, नारद यादव, तुलसी रावटे, राजेंद्र यादव, चंद्रहास रजक, प्रेमलाल ध्रुव, माखन नेताम, भरत ठाकुर, राजू ठाकुर सहित वार्डवासियों ने कहा कि राम अब आ गए हैं।

### पूर्व अध्यक्ष ने शाला को सीलिंग फैन दिया



**धमतरी।** नंदकुमार मानिकपुरी पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति कलारतराई ने शासकीय प्राथमिक शाला कलारतराई को सीलिंग फैन प्रदान किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक रामकुमार साहू, शिक्षक प्रकाशकुमार निर्मलकर, सुनदास चतुर्वेदी एवं जितेंद्र कुमार रामटेके उपस्थित थे। श्री मानिकपुरी के अनुकरणीय योगदान पर शाला परिवार ने उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

### रामपुर में गणतंत्र दिवस पर हुआ परेड का प्रदर्शन



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में गणतंत्र दिवस पर परेड का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश बघेल, हरबंश साहू, कमलेश वर्मा, रमेश टंडन, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, बीरेंद्र निषाद, जागेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, झमेश्वरी ध्रुव, स्वाति साहू, सोनल अग्रवाल, लोकेश्वरी सोन, पूजा शर्मा, मनहरण ठाकुर, सरपंच सुभाष सेन, शाला विकास समिति अध्यक्ष समेत सभी सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### परसट्टी में मना छेरछेरा पर्व



**सिर्री।** ग्राम परसट्टी में छेरछेरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चे, युवक सभी अन्नदान मांगने काफी उत्साहित दिखे। छत्रपाल साहू, सगुण राम, तामेश्वर, हर्षु, ईश्वर साहू, एस कुमार वेणु तारक, विमल तारक सहित अन्य लोग अन्न दान मांगते नजर आए।

### चरमुड़िया में शाकंभरी जयंती मनाई गई



**डांडेसरा।** ग्राम रेलवे स्टेशन कुरुद (चरमुड़िया) में मरार समाज द्वारा मां शाकंभरी देवी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिर से शिव मंदिर तक कलश शोभायात्रा निकाली गई। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। मौके पर गैंदू, हेमलाल, भूपेंद्र, संजू, चुम्मे, रूपेंद्र, डगेश्वर, योगेश, दिनेश, छबि उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



■ अंवरी में धीवर समाज ने किया है आयोजन

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में धीवर समाज के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। कथावाचक मुरलीधर महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा सुनने आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग रही है। भूखन धीवर अध्यक्ष धीवर समाज ने बताया कि धीवर समाज के भागवत ज्ञान यज्ञ का यह तीसरा वर्ष है। हर तीन साल के बाद भागवत कथा कराई जाती है। प्रथम वर्ष 7 जनवरी 2018, द्वितीय वर्ष 8 फरवरी 2021 एवं तृतीय वर्ष 24 जनवरी 2024 को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भीमसेन तारक संरक्षक कुरुद परगना, प्रकाश धीवर अध्यक्ष कुरुद परगना, सुरेश धीवर सचिव कुरुद परगना, रिखी राम तारक कोषाध्यक्ष कुरुद परगना, सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य कुरुद, पुनेश्वर साहू सरपंच अंवरी ने किया। मौके पर परीक्षित राजा रानी मानिक राम धीवर, रामबती धीवर, खोरबहरा राम धीवर, लखन लाल धीवर, जोहतराम धीवर, इतवारी राम धीवर, रामाधार धीवर, रामआसरा, पतिराम धीवर, गणेश धीवर, छन्नू धीवर, भूखन धीवर, विष्णु धीवर अपना योगदान दे रहे हैं।

## कोष्टापारा में देवांगन पुराण का समापन, शोभायात्रा निकाली गई

# देवांगन पुराण में एक जोड़ा परिणय सूत्र में बंधा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





धमतरी मंडल द्वारा शहर के कोष्टापारा स्थित नंदी चौक में देवांगन पुराण का आयोजन किया था। शनिवार को हवन-पूजन के साथ समापन हुआ। इससे पूर्व एक जोड़ा का विवाह हुआ। प्रकाश संग योगेश्वरी ने हवन कुंड में 7 फेरे लिए।

देवांगन पुराण का आयोजन 21 जनवरी को शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। 7 दिवसीय आयोजन कथा के समापन पर 27 जनवरी को शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान समाजजन खूब झूमे। अंत में कुल देवी मां परमेश्वरी की मूर्ति को कठौली तालाब में विसर्जित किया।

कथावाचक संतोषराव गांगुली खरोरा रायपुर ने देवांगन समाज की उत्पत्ति, वस्त्र निर्माण, गोत्र की उत्पत्ति, मां परमेश्वरी जन्मोत्सव, मां दीपचंद माता हरणी की विवाह जैसी कथा सुनाई। कथा सुनने जालमपुर, कोष्टापारा, हटकेशर सहित अन्य शहर के अलावा वार्डों में निवासरत देवांगन समाजजन शामिल हुए। शनिवार को पीड़ी, पूजा यज्ञ की कथा के बाद चढ़ोत्री हुई।

कथा पुराण में मुख्य यजमान भागवत-मंथरा देवांगन थे। इसके अलावा अध्यक्ष जगदीश देवांगन, मोहित देवांगन के अलावा करीब 15 जोड़े यज्ञ में सहायक यजमान बतौर शामिल हुए। समाजजनों के समक्ष एक जोड़ा का विवाह भी संपन्न हुआ। समाजजन घराती और बराती बनकर खूब थिरके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, संतोष देवांगन, टीकम देवांगन, राजकुमार देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, रोहित देवांगन, रामेश्वरी देवांगन, टीकाराम देवांगन, मीना, रेखा देवांगन, श्यामा देवांगन, प्रीति देवांगन, विद्या देवांगन, विजय देवांगन, कन्हैया, चेतन देवांगन, चंद्रशेखर, अजीत, देवेंद्र, शैलेष देवांगन, वेदप्रकाश देवांगन सहित समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## मन की बात भूत, भविष्य और वर्तमान का अद्वितीय समागम : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में किया गया। प्रीतेश गांधी प्रदेश सदस्य मन की बात एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने महावीर सिन्हा भाजपा किसान मोर्चा, शहर मंडल अध्यक्ष धमतरी, काशीराम यादव, व्यासनारायण यादव, जीतू यादव, डाकेश साहू, फुलेश साहू, एकांत सिन्हा सहित अन्य नागरिकों के साथ मन की बात सुनी।

इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा कि मन की बात देश के भूत, भविष्य एवं वर्तमान का अद्वितीय समागम है। प्रधानमंत्री मन की बात के माध्यम से देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात के माध्यम से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, श्रीराम ज्योति, गणतंत्र दिवस परेड, संविधान और सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूर्ण होने, तीर्थस्थल स्वच्छता अभियान, राष्ट्रीय पुरस्कार एवं कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी, सेल्फ हेल्प ग्रुप, नमो ड्रोन दीदियां, बायो फर्टिलाइजर, अंगदान, आयुर्वेद, सिद्ध यूनानी चिकित्सा, रेडियो की ताकत, परीक्षा पे चर्चा, खेलो इंडिया, राष्ट्रीय मतदाता दिवस सहित विभिन्न विषयों पर विचार रख देशवासियों का मार्गदर्शन किया। श्री गांधी ने आगे कहा कि मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विभिन्न विषयों को अपने कार्यक्रम में समाहित किया जिससे आज पूरा भारतवर्ष अवगत हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेडियो की ताकत कितना बदलाव ला सकती है, इसकी एक अनूठी मिसाल छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है। बीते करीब 7 वर्षों से यहां रेडियो पर एक लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण हो रहा है, जिसका नाम है हमर हाथी-हमर गोठ।

## रंग सरगम ग्रुप के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

■ गणतंत्र दिवस पर वीर शहीदों की याद में देश मेरा रंगीला कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





शहर के एक टीवी चैनल द्वारा गणतंत्र दिवस पर गांधी चौक में वीर शहीदों की याद में देश मेरा रंगीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शरद अग्रवाल के निर्देशन में हर्ष अग्रवाल और रंग सरगम ग्रुप द्वारा देश भक्ति, हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छालीवुड के कलाकार संजय महानंद एवं अंशु मानिकपुरी ने दर्शकों को अपने गीतों पर झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर ने की। इस अवसर पर धमतरी के धरोहर कवि सुरजीत नवदीप, सेवानिवृत खेल प्रशिक्षक एआर थिटे, संजयप्रकाश चौधरी, दीपक ठाकुर, शिवा प्रधान, आलोक जाधव, ऋतुराज पवार, सेवती ध्रुव, चंचल सोनी, सुनील शर्मा, कमलेश पांडेय, प्रेम मगेन्द्र, श्रीराम हिंदू संगठन, दीपक ठाकुर, श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ओजस्वी नर्सिंग होम, डीएसपी ट्रैफिक मणिशंकर चंद्रा सहित अन्य गणमान्यजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशाल ठाकुर, विजय साहू, पवन साहू, दुर्गेश साहू, पवन तिवारी, आशीष बंगानी, निर्जला मंडावी का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रंजीत छाबड़ा एवं मनुराज पचौरी ने किया। आभार प्रदर्शन विशाल ठाकुर ने किया।

## राजनांदगांव के 96 रन के जवाब में भिलाई 93 रन पर आलआऊट

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



पीजी कालेज मैदान में रविवार से 4 दिवसीय ड्यूज बॉल क्रिकेट मैच का शुभारंभ हुआ। पहले दिन डीसीए राजनांदगांव और बीसीए भिलाई के बीच मैच हुआ। डीसीए राजनांदगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाली का निर्णय लिया।

बीसीए भिलाई टीम के विश्वरंजन त्रिपाठी एवं आनंदराव की सधी हुई गेंदबाजी के सामने डीसीए राजनांदगांव की पूरी टीम 42.3 ओवर्स में 10 विकेट खोकर मात्र 96 रनों पर आलआऊट हो गई। डीसीए राजनांदगांव के देवराज साहू ने 26 व विवेक बोरकर ने 18 रनों का योगदान दिया। 96 रनों के जवाब में बीसीए भिलाई की टीम ने अपनी पहली पारी में डीसीए राजनांदगांव के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिये तथा 28 ओवर्स में 10 विकेट खोकर मात्र 93 रनों पर आलआऊट हो गई।

डीसीए राजनांदगांव के कप्तान रोहन टांक ने 14 ओवर गेंदबाजी करते हुए 43 रन देकर 6 विकेट तथा नमन अग्रवाल ने 8 ओवर गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 3 विकेट हासिल किये। डीसीए राजनांदगांव की दूसरी पारी की खराब शुरूआत रही। पहले दिन का मैच समाप्ति तक डीसीए राजनांदगांव की टीम ने 10 ओवर्स में 3 विकेट पर मात्र 34 रन बनाये जिसमें गौरव मिश्रा के 14 रन बनाये। बीसीए भिलाई के चिन्मय 10 रन देकर 2 विकेट व एम. बिन्नी सैमुअल ने 1 विकेट लिया। ओस एवं मैदान गीला होने की वजह मैच नियत समय से 15 मिनट देरी से शुरू हुआ। मैच की अंपायरिंग पूर्व रणजी खिलाडी मनोज सिंह एवं आशुतोष जाधव कर रहे हैं।

### अमाली में 30 को मड़ई मेला

**नगरी।** ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम अमाली में मेला 30 जनवरी को मड़ई मेला रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए माटी के महक ग्राम तरौद जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मन्नू यादव जनपद सभापति नगरी ने दी है।

### मानिकपुरी पनिका समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**धमतरी।** मानिकपुरी पनिका समाज जिला धमतरी द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 21 जनवरी को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में धमतरी जिले के सभी परिक्षेत्र के पदाधिकारियों के सहयोग तथा मानिकपुरी पनिका समाज शहर ईकाई धमतरी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत व लगन से कार्यक्रम सफल रहा। विशेषकर युवा वर्गों ने कार्यक्रम में जो तत्परता दिखाई वह अत्यंत ही सराहनीय रही।













